बीएचईएल ने ओमान में एक और गैस आधारित पावर प्लांट चालू कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

भारत के सबसे बड़े पावर परियोजना निर्यातक भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने ओमान में एक गैस टरबाइन जेनरेटर यूनिट चालू कर मध्य-पूर्व क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है ।

26 मेगावाट गैस जेनरेटर , मस्कट में ओमान रिफाइनरी और पेट्रोकैमिकल्स प्लांट में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है । उल्लेखनीय है कि बीएचईएल द्वारा इस रिफाइनरी में चालू की गई यह दूसरी यूनिट है । इसी रेटिंग की एक अन्य यूनिट इसी परियोजना के लिए मई 2010 में चालू की गई थी । ओमान में अपनी तरह की प्रथम ये यूनिटें तेल रिफाइनरी के लिए कैप्टिव पावर जनरेशन प्रदान करेंगी ।

परियोजना के लिए गैस टरबाइन यूनिट का इंजीनियरी कार्य, विनिर्माण और आपूर्ति, बीएचईएल के हैदराबाद प्लांट द्वारा और अत्याधुनिक कन्ट्रोल्स प्रणाली की आपूर्ति कम्पनी के बंगलौर प्लांट द्वारा की गई है ।

बीएचईएल ने पेट्रोलियम डवलमेंट ओमान के साथ सफलतापूर्वक बड़े सफल सम्बन्ध स्थापित कर लिये हैं । यह ओमान की एक प्रमुख हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन कम्पनी है, जिसमें प्रधान अंशधारिता ओमान सरकार की है । इन परियोजनाओं के सफलतापूर्वक निष्पादन से बीएचईएल को विदेशों में पेट्रोलियम क्षेत्र के पावर प्लांट उपस्करों की आपूर्ति के क्षेत्र में दीर्घावधि तक दृश्यता वृद्धि होगी, जिससे बीएचईएल को विश्व के अन्य हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एवं उत्पादन संस्थाओं से इसी प्रकार की परियोजनाओं के ऑर्डर मिलेंगे ।

सल्तनत ऑफ ओमान, बीएचईएल की मुख्य निर्यात मार्किट है, जिसमें कंपनी ने कई बैंचमार्क स्थापित किये हैं। बीएचईएल ने ओमान में विभिन्न क्षेत्रों जैसे पेट्रोलियम, यूटिलिटिज और उद्योग के लिए 1250 मेगावाट की संयुक्त क्षमता के   16 गैस टरबाइन सेट स्थापित किये है जो कि ओमान मार्किट में बीएचईएल की स्वीकार्यता का प्रतीक है ।

बीएचईएल को 1,00,000 मेगावाट से अधिक पावर प्लांट उपस्करों की आपूर्ति व स्थापना करने का प्रचूर व विविध अनुभव है और इसने विश्व के सभी महाद्वीपों के 70 से अधिक देशों में अपनी पहचान स्थापित कर ली है । अभी तक बीएचईएल को विदेशी मार्किट से कुल 12500 मेगावाट से अधिक परियोजनाओं के ऑर्डर प्राप्त हो चुके हैं । बीएचईएल इस समय 23 देशों में 45 परियोजनाओं को निष्पादित कर रही है, जिसमें बांग्लादेश, भूटान, लीबिया, सीरिया और सूडान के प्रमुख टर्न-की ऑर्डर शामिल हैं ।

बीएचईएल की तकनीकी सक्षमताओं की पूरे विश्व में सरहाना हुई है और कम्पनी ने एक विश्वव्यापी प्रतिभागी बनने हेतु नियोजित अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में महत्वपूर्ण उद्यम करने शुरू कर दिये हैं जिसमें मौजूदा मार्किट में समेकन द्वारा अपने वर्तमान उत्पादों और सेवाओं का विस्तार करना, अपने निर्यात आधार को फैला कर और नये बाजारों में प्रवेश करना शामिल है । विदेशी मार्किट में भविष्य वृद्धि हेतु नीतिगत व्यापार पहलें जिसमें विश्वव्यापी मार्किट यूटिलिटि और आईपीपी दोनों खंडों में बीएचईएल को आईपीसी कान्ट्रेक्टर रूप में स्थिति सुदृढ़ करना और विदेशी संयुक्त उद्यमों एवं मार्केटिंग कार्यालयों की स्थापना कर विभिन्न अवसरों का लाभ उठाना है ।